संसद सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 2017: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय इस्पात मंत्री, चौधरी बीरेन्द्र सिंह; संसदीय कार्य मंत्रालय तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री विजय गोयल और पूर्व उप - प्रधानमंत्री तथा आचार समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज पूर्व प्रधान मंत्री, चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों में अनेक संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे। लोक सभा कीमहासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भी चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित चौधरी चरण सिंह के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 23 दिसम्बर,1993 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह के चित्र का अनावरण किया था।